## राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलुरु में 19 अप्रैल 2022 को राजभाषा कार्यान्वयन निरीक्षण और हिन्दी कार्यशाला का आयोजन

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलुरु में राजभाषा कार्यान्वयन निरीक्षण और हिन्दी कार्यशाला का आयोजन दिनांक 19 अप्रैल 2022 को किया गया।

श्री मनोज कुमार, मुख्य तकनीकी अधिकारी, राजभाषा अनुभाग, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली ने राजभाषा कार्यान्वयन संबंधित विभिन्न पहलुओं में आने वाली समस्याओं तथा उनके निवारण एवं राजभाषा कार्यान्वयन को सरलता से कैसे उपयोग में लाएँ और सहज ढ़ंग से कार्यालयों में लागू करने की महत्वपूर्ण जानकारी दी।

इस हिन्दी कार्यशाला में ब्यूरो से 15 प्रतिभागियों ने भाग लिया।






